राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
■ देहरादून ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ वाराणसी से प्रकाशित
देहरादून
बुधवार ● 10 मार्च ● 2021
पृष्ठ 14, वर्ष-14, अंक 4835, मूल्य ₹ 3.00

भटवाड़ी में प्रमुख ने बुजुर्ग महिलाओं को किया सम्मानित

■ उत्तरकाशी/एसएनबी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीमांत विकास खंड भटवाड़ी में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में दूसरी बार ब्लाक प्रमुख पद पर आसीन विनीता रावत को अपने बीच पाकर क्षेत्र की महिलाओं ने खुशी जताई। इस मौके पर प्रमुख ने बुर्जग महिलाओं तथा महिला मंगल दलों को सम्मानित किया। दूसरी ओर कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड़ में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महिला अधिकारों एवं उनके आर्थिक उत्थान पर भी बल दिया गया।

चिन्यालीसौड़ में कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में महिला अधिकारों व उनके आर्थिक उत्थान पर दिया जोर

उत्तरकाशी : महिला दिवस पर रासो नृत्य करतीं प्रमुख व अन्य।

प्रमुख विनीता रावत ने भटवाड़ी के साथ ही वरुणा घाटी के बग्याल गांव तथा भंकोली में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की जरूरत है।

इस मौके पर प्रमुख ने महिलाओं के साथ रासो और तादी नृत्य में भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में ममता रावत भाजपा वरिष्ठ नेता जगमोहन सिंह रावत, कनिष्ठ प्रमुख मनोज पंवारग्राम प्रधान सत्यनारायण सेमवाल प्रथम नेगी, शम्भू पंवार, संगीता मेहर, आशा, पूजा डंगवाल, विमला नैथान, देविन्ता रावत, कुसुम देवी, अनीता देवी, मंजु पंवार, पार्वती रमोला, रंजना देवी, मनीषा देवी, महिला मंगल दल अध्यक्ष प्रेमा देवी, सचिव सावित्री देवी, गौतम रावत, अभिषेक पंवार, राधे विजल्वाण, रवि रावत, नवीन रावत, मनोज राणा आदि रहे।

दूसरी ओर चिन्यालीसौड़ में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डा. सीएस. राघव ने कहा कि आधुनिकीकरण के इस दौर में भारतीय संस्कृति को बचाये रखने में महिलाओं के अहम योगदान की जरूरत है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका चिन्यालीसौड़ की अध्यक्ष बीना बिष्ट ने महिला सशक्तिकरण के बारे में अपने विचार रखे। इस मौके पर उरेडा की वरिष्ठ परियोजना अधिकारी वंदना, केन्द्र के उद्यान विशेषज्ञ डॉ. पंकज नौटियाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन केंद्र के कृषि प्रसार विशेषज्ञ डॉ. गौरव पपनै ने किया।

इस मौके पर रोहिणी खोब्रागडे, वरुण सुप्याल, ख्याली राम, रीतिका भास्कर, प्रगतिशील महिला कृषक अतरा देवी, गंगा देवी, आंगनबाड़ी सेविकाओं समेत सौ महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।